लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/33/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 28.03.2018

श्री मोहम्मद रफीक पिता अब्दुल करीम निवासी छीपा मौहल्ला, देहली गेट, चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 23.04.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 12.02.2018 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 33/2018/(23.04)/262 दिनांक 28.03.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 23.04.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 23.04.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/आर.टी.आई./2018/16 दिनांक 06.04.2018 से कमेंट्स प्रेषित किये कि अपीलार्थी को आवेदन पत्र में अंकित सूचना बाद गहन तलाशी के तैयार करवाई जाकर

इस कार्यालय के पत्रांक 15 दिनांक 03.04.2018 से प्रार्थी को निः शुल्क उपलब्ध करा दी गई है। सुलभ संदर्भ हेतु प्रार्थी को उपलब्ध कराई गई सूचना की छायाप्रति एवं प्राप्ति रसीद की छायाप्रति संलग्न है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/आर.टी.आई./2018/16 दिनांक 06.04.2018 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/विविध/2018/15 दिनांक 03.04.2018 से उपलब्ध कराई जा चुकी है जिसकी प्राप्ति रसीद संलग्न है।

चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./33/2018(सू.अ.)/
प्रतिलिपिः– दिनांकः– / /2018

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़
2. श्री मोहम्मद रफीक पिता अब्दुल करीम जाति मुस्लिम निवासी छीपा मौहल्ला, देहली गेट, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)